हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 12 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 गंज पुल फिर हुआ क्षतिग्रस्त, अब मरम्मत तक बंद...



07 शिव भक्तों ने देवपुर से नटेरन तक की कावड़ यात्रा ...





जन जन के लाड़ले विधायक आदरणीय भाई साहब

श्री मुकेश टण्डन जी को

जन्मदिवस की हार्दिक- हार्दिक

बधाई एवं शुभकामनाएँ

बधाईकर्ता: राकेश शर्मा मित्रमण्डल, विदिशा

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6981
चना
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-6225
मसूर
न्यूनतम भाव-2611
उच्चतम भाव-7960
धनिया
न्यूनतम भाव-14510
उच्चतम भाव-14510
धान
न्यूनतम भाव-1850
उच्चतम भाव-3400
सरसों
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-7645
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3190
मूंग
न्यूनतम भाव-2590
उच्चतम भाव-7400
गेंहू
न्यूनतम भाव-1895
उच्चतम भाव-4900
बटरी
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3570

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 2482 बोरों उपज की आवक दर्ज हुई

मंगलवार को पानी कम होते ही नजर आई पुल की क्षति

गंज पुल फिर हुआ क्षतिग्रस्त, अब मरम्मत तक बंद रहेगा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





गत दिवस बेतवा नदी के जलग्रहण क्षेत्र भोपाल एवं आसपास हुई जोरदार बारिश से बेतवा नदी उफान पर आ गई थी। जिससे नदी का पानी सीजन में पहली बार नगर के पास के दोनों पुलों के ऊपर से होकर बहने लगा था। मंगलवार को नदी का जलस्तर कम होते ही पुलों से पानी उतर गया। जिसके बाद गंज रोड के पुल के क्षतिग्रस्त होने का पता चला। इस जानकारी के बाद प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर जांच की और गंज पुल से मरम्मत पूरी होने तक आवागमन बंद कर दिया गया है।

यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में पिछले एक सप्ताह से अच्छी बारिश हो रही है। जिससे नदी नालों एवं जलाशयों का जलस्तर बढने लगा है। इस बीच रविवार को भोपाल एवं आसपास के क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश से बेतवा नदी उफान पर आ गई और सोमवार से उसका पानी गंजबासौदा के पास स्थित बरी घाट पुल और बासौदा सिरोंज रोड स्थित गंज पुल के ऊपर से होकर बहने लगा। जिससे इन पुलों से आवागमन पूरी तरह ठप रहा। मंगलवार की सुबह नदी का जलस्तर कम होते ही पुलों से पानी उतर गया। तब पता चला बाढ के पानी से गंज पुल का अधिकांश हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है। वहीं बरी घाट पुल पर भी जलकुंभी और अन्य तरह का कचरा पुल एवं आसपास जमा हो गया था।

सुबह प्रशासनिक एवं नपा अमले ने मौके पर पहुंचकर जहां बरी घाट पुल से जलकुंभी एवं कचरा हटाने का काम शुरू किया।

जिसे नपा कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन की सहायता से घण्टों की मेहनत के बाद हटाया गया। पुल पर एवं दोनों ओर साफ, सफाई होने के बाद पुल से आवागमन शुरु किया जा सका। वहीं गंज पुल की क्षति को देखते हुए उसे आवागमन के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया है। पुल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार रतिराम अहिवार भी अमले के साथ मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुल के दोनों ओर वेरीकेट्स लगा दिए गए हैं एवं पुल से आवाजाही पूरी तक प्रतिबंधित कर दी गई है। पुल की मरम्मत होने के बाद निरीक्षण उपरांत पुल को आवागमन के लिए खोला जा सकेगा। जब तक बरीघाट रोड स्थित पुल से सिरोंज, अशोकनगर सहित अन्य स्थानों के लिए वाहनों की आवाजाही होती रहेगी।

यहां उल्लेखनीय है कि बेतवा नदी का गंज पुल काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। हर बार नदी के उफान पर आने से क्षतिग्रस्त हो रहा है। मरम्मत करने के बाद भी पुल फिर क्षतिग्रस्त हो जाता है। जिससे उसके स्थान पर पिछले पांच साल से नया पुल बन रहा है, लेकिन अभी तक उसका निर्माण पूरा नहीं हो सका है। जिससे नागरिकों ने पुराने पुल की ही गुणवत्तायुक्त मरम्मत की मांग की है, ताकि नया पुल बनने तक पुराने पुल से आवागमन सुचारू चलता रहे।

अग्रवाल समाज करेगा दानदाताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

अग्रवाल समाज के लोग अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में शीघ्र ही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करेंगे और अग्रवाल समाज द्वारा नगर में किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी देंगे। महामंत्री प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल मासेर एवं महामंत्री प्रमोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में अग्रवाल समाज द्वारा विकास की नई मिसाल पेश की गई है। अग्रवाल समाज के लोगों द्वारा समाज की धर्मशाला के लिए बढ़चढ़ कर दान दिया जा रहा है। धर्मशाला में बालकिशन मित्तल द्वारा कक्ष क्रमांक चार, पूरन चंद्र राम गोपाल परिवार द्वारा कक्ष क्रमांक तीन बनवाया गया है। वहीं अंगूरी बाई अग्रवाल के सौजन्य से कैलाश द्वार का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कुछ कार्य शेष है। उसे भी शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। धर्मशाला के निर्माण हेतु वर्तमान विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा भी रुपये पांच लाख का स्वेच्छा अनुदान दिया गया है। वहीं नगर पालिका द्वारा भी राजेंद्र नगर बाईपास से हनुमान मंदिर तक पहुंच मार्ग बनवाया गया है, जिससे धर्मशाला तक आवागमन सुगम हुआ है।

आगामी अग्रसेन जयंती 2026 के अवसर पर धर्मशाला के निर्माण व समाज हित में एक-एक लाख रुपए देने वाले दानदाताओं तथा पुरानी मंडी स्थित टीनशैड के संबंध में मंच से घोषणाएँ की जाएंगी। समाज के लोग सभी दानदाताओं का मंच पर सम्मान करेंगे।

खबर संक्षेप

आज पंचतत्व पौधारोपण कर मनाएगी स्थापना दिवस


गंजबासौदा। पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित संस्था 'पंचतत्व संरक्षण समिति' बुधवार को हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर पौधारोपण कर अपना स्थापना दिवस मनाएगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था की शुरुआत आज ही के दिन पौधारोपण अभियान से हुई थी। अपनी स्थापना की वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए समिति द्वारा लटूरिया वाले बाग स्थित अग्रवाल धर्मशाला में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हरियाली अमावस्या के इस पावन पर्व पर प्रकृति को संवारने के उद्देश्य से पंचतत्व संरक्षण समिति ने नगर के सभी प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं और समाजसेवियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की है।

बार-बार हुई बिजली गुल

गंजबासौदा। मंगलवार को बरेठ रोड कालाबाग क्षेत्र में दिन में कई बार बिजली गुल हुई। जिससे यहां के रहवासियों, दुकानदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा साल भर मैंटेनेंश के नाम पर प्रतिदिन नगर में कई घण्टों तक बिजली की कटौती की जाती है। लेकिन बारिश के मौसम में थोड़ी हवा के साथ तेज बारिश शुरु होते ही। विद्युत कंपनी द्वारा बिजली प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे नागरिकों, दुकानदारों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

नौलखी धाम पर मिला प्राचीन शिलालेख, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर के बेतवा तट स्थित नौलखी धाम में वर्षों पुराना पाषाण शिलालेख मिलने से मंदिर के इतिहास और उसकी प्राचीनता को लेकर नई उत्सुकता पैदा हो गई है। पत्थर पर देवनागरी लिपि में कई पंक्तियां उत्कीर्ण हैं। शिलालेख के शीर्ष पर कलात्मक आकृति भी बनाई गई है, जबकि नीचे के हिस्से में लेख स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। शिलालेख लंबे समय से मंदिर परिसर में मौजूद बताया जा रहा है। समय के साथ पत्थर की सतह घिसने और उस पर परत जमने के कारण कई अक्षर धुंधले हो गए हैं। हालांकि, करीब से देखने पर अनेक पंक्तियां अब भी पढ़ने योग्य दिखाई देती हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शिलालेख में किसी काल, व्यक्ति, निर्माण, दान अथवा धार्मिक परंपरा से जुड़ी जानकारी दर्ज होने की संभावना है। मंदिर से जुडे श्रद्धालु देवेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि यदि इसका विधिवत पाठ तैयार कर तारीख अथवा संवत की पहचान हो जाती है तो नौलखी मंदिर के इतिहास को प्रमाणिक आधार मिल सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नौलखी तपोभूमि से जुड़ी कई पुरानी परंपराएं पीढ़ियों से चली आ रही हैं। ऐसे में यह शिलालेख उन परंपराओं की ऐतिहासिक कड़ियों को समझने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। "शिलालेख में क्या लिखा है?", "कितना पुराना हो सकता है?" और "नौलखी के इतिहास से इसका क्या संबंध?" इन सब जिज्ञासाओं के समाधान के लिए अब शिलालेख का विशेषज्ञ या पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षण और वैज्ञानिक अध्ययन कराने की तैयारी की जा रही है। बिना विशेषज्ञ परीक्षण के इसकी उम्र या इसमें लिखे नामों और संवत के संबंध में निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



गंजबासौदा। गत दिवस विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रमेश कुमार गुजराती के निवास पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें अतिथि के रुप में पार्षद नारायण सोनी उपस्थित रहे। जिनके द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर उपस्थित लोगों को बधाई देते हुए एकजुट होकर रहने पर विशेष जोर दिया गया। इस मौके पर मोंगिया आदिवासी विकास पंचायत के कार्य वाहक अध्यक्ष रमेश कुमार गुजराती ने भी समाज के लिए एकजुटता के लिए आगे आने को कहा और आदिवासियों की समस्याओं पर बल दिया गया। कार्यक्रम को महेन्द्र कुमार शर्मा, भूतपूर्व सैनिक भगवान दास रायकवार ने संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुण्डा के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर मदन सिंह पवार, गौरी शंकर, मोंगिया आदिवासी विकास पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हुकुम सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थितों का आभार व्यक्त किया गया।

कोटवार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



गंजबासौदा। मंगलवार को कोटवार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम त्योंदा तहसीलदार आनंद जैन को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोटवारों को वर्दी के लिए बैंक खाते में राशि डाली जाऐ, अभी जो वर्दी आई है वह कोटवार के नाप की नहीं है, ना ही कपड़े में गुणवत्ता है। जिसकी वजह से कोई कोटवार वर्दी नहीं लेना चाहता इसलिए मुख्यमंत्री से आग्रह है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी वर्दी के लिए राशि कोटवारों के बैंक खाते में डाली जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान कोटवार संघ उपाध्यक्ष कौशल पठान, टीकाराम अहिरवार, रोहित कुर्मी, सीताराम, मेहताब सिंह, मुन्नालाल, शांति बाई, कालूराम, सीताराम, मानक लाल, करोड़ी सिंह ,सचिन आदि कोटवार मौजूद थे।

पेट्रोल पंप व गैस मैनेजर एसोसिएशन की बैठक संपन्न



गंजबासौदा। सोमवार को पेट्रोल पंप एवं गैस मैनेजर एसोसिएशन, बासौदा की बैठक का आयोजन दादजी प्लाजा में किया गया। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना एवं विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष पद पर अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष मोहर सिंह परिहार, सचिव वीरेंद्र रघुवंशी एवं कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत को चुना गया। बैठक में पेट्रोल पंप एवं गैस से जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हो रहे दुर्व्यवहार, विभिन्न व्यावसायिक समस्याओं एवं अन्य चुनौतियों को लेकर चिंता व्यक्त की गई। सदस्यों ने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य आपसी समन्वय के साथ एकजुट होकर कार्य करेंगे तथा व्यापारिक समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में दिवाकर शर्मा, मनीष श्रीवास्तव, ओम प्रकाश विश्कर्मा, हरीलाल, सुरेंद्र दांगी, प्रदीप पाल, धनीराम, मन्नू लाल, सोनू परिहार, निशिकांत निंबालकर, राजेश दांगी आदि उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और सभी सदस्यों के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

मान दांगी ने ओपन चेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

चेस फेडरेशन मध्य प्रदेश द्वारा सागर में ओपन चेस्ट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नवांकुर के कक्षा 6 के छात्र मान दांगी पुत्र रमेश दांगी ने रैपिड एवं रिडाइज दोनों विधाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा ने बताया की मान ने संपूर्ण मध्य प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, मान को प्रमाण पत्र और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक शैलेंद्र कुमार दीक्षित, प्राचार्य संदीप कुमार रावत, पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहोरी, विजय शर्मा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने मान दांगी और उसके अभिभावकगण को बधाईयां दी हैं।

एलबीएस कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

स्थानीय एलबीएस कॉलेज में नव प्रवेशित बीए कला संकाय प्रथम वर्ष के छात्रों का दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बासौदा शिक्षा समिति के सचिव शांतिप्रकाश ओसवाल ने नव प्रवेशित छात्रों से आचरण और मर्यादा पालन का आह्वान किया और श्रेष्ठ व्यवस्था प्रदान करने का वादा किया। कला संकाय के विभागाध्यक्ष एवं एनसीसी अधिकारी मनीष छंचार ने कहा कि जीवन में अनुशासन का विशिष्ट महत्व है। स्कूली शिक्षा में जहां अनुशासन बाहरी शक्तियों से नियंत्रित होता है,वहीं कॉलेज शिक्षा में अनुशासन स्वशासन का रूप लेता है। राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. भास्कर दुबे ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कॉलेज का प्रथम वर्ष महत्वपूर्ण होता है। यहां सीखने का जज्बा ही उन्नति की राह खोलता है। शेरों-शायरी और कविताओं का रसास्वादन कराते हुए हिन्दी विभागाध्यक्ष एमएस गुर्जर ने भाषा के महत्व एवं नई शिक्षा नीति के अनुसार विषय विभाजन से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ पीयूष दुबे ने छात्रों को बताया कि कॉलेज शिक्षा और स्कूल शिक्षा में अंतर होता है, यहां भी अधिकतम उपस्थिति और सतत मूल्यांकन व्यवस्था में खरा उतरना जरुरी है। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी निधि शर्मा, प्राध्यापक पूनम तिवारी, एनएसएस प्रभारी नम्रता अरोरा ने कॉलेज में विभागों के अन्तर्गत शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में बीए प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक दिनकर कद्रे ने किया।

ईश्वर तक पहुंचने के लिए साधना के साथ समर्पण भी जरुरी

अर्जुन की तपस्या से प्रसन्न हुए महादेव



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ईश्वर तक पहुंचने के लिए तपस्या जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी है अहंकार का विसर्जन। अर्जुन ने महादेव को पाने के लिए कठोर तप किया, लेकिन जब भगवान स्वयं उनकी परीक्षा लेने सामने आए तो उनके पराक्रम का अभिमान ही उनकी सबसे बड़ी परीक्षा बन गया। महादेव ने किरात का रूप धारण कर अर्जुन से युद्ध किया और तब तक उन्हें अपनी वास्तविक पहचान नहीं बताई, जब तक अर्जुन ने अपने पुरुषार्थ के साथ अहंकार को भी भगवान के चरणों में समर्पित नहीं कर दिया। श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति गौ धाम में चल रहे 27 दिवसीय पार्थिव निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन में कथा वाचक पं. धर्मेंद्र भार्गव ने भगवान शिव के किरातेश्वर अवतार का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि महाभारत काल में वनवास के दौरान पांडवों को आने वाले महायुद्ध का आभास था। अर्जुन जानते थे कि धर्म की स्थापना के लिए होने वाले इस युद्ध में उन्हें ऐसे दिव्य अस्त्रों की आवश्यकता होगी, जिनका सामना करना साधारण शस्त्रों से संभव नहीं था। महर्षि व्यास ने उन्हें भगवान शिव की आराधना कर पाशुपतास्त्र प्राप्त करने का मार्ग बताया। अर्जुन इन्द्रकील पर्वत पर पहुंचे और महादेव को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या में लीन हो गए। उनकी साधना इतनी तीव्र थी कि देवताओं का ध्यान भी उनकी ओर आकर्षित हुआ। अर्जुन का संकल्प दृढ़ था, लक्ष्य स्पष्ट था और साधना निरंतर चल रही थी। पं.भार्गव ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि अर्जुन की तपस्या से प्रसन्न होने से पहले भगवान शिव ने यह देखना चाहा कि अर्जुन के भीतर तपस्या का तेज अधिक है या अपने पराक्रम का अभिमान। इसीलिए भगवान शिव ने किरात यानी वनवासी शिकारी का रूप धारण किया। माता पार्वती भी उनके साथ थीं। इसी दौरान एक भयंकर वराह वहां पहुंचा। अर्जुन और किरात दोनों ने उस पर बाण चलाए। वराह के वध के बाद दोनों के बीच विवाद खड़ा हो गया कि उसका वध किसके बाण से हुआ। बात बढ़ी और देखते ही देखते अर्जुन तथा किरात के बीच युद्ध शुरू हो गया। अर्जुन ने अपनी पूरी शक्ति और युद्धकौशल का प्रयोग किया, लेकिन सामने खड़ा किरात उनके हर प्रयास पर भारी पड़ रहा था। अर्जुन के लिए यह क्षण असाधारण था, जिस गांडीव और जिस पराक्रम पर उन्हें गर्व था, वही यहां जैसे निष्प्रभावी हो रहा था। अंततः अर्जुन को आभास हुआ कि सामने कोई साधारण शिकारी नहीं है। उन्होंने अपने भीतर झांका और भगवान की शरण ग्रहण की। पूजा-अर्चना करते हुए उन्होंने स्वयं को महादेव के चरणों में समर्पित कर दिया और अपनी भूल के लिए क्षमा मांगी। भगवान शिव अर्जुन की तपस्या, वीरता और अंततः उनके समर्पण से प्रसन्न हुए और उन्हें दिव्य पाशुपतास्त्र प्रदान किया।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सेमरी में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए सेमरी मे तिरंगा यात्रा निकालकर घर घर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की गई। इस अवसर पर प्रखर राष्ट्रवादी विचारक चिंतक योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। यह हमें आजादी के आंदोलन में हमारे बुजुर्ग हमारे पूर्वजों की शहादत की याद दिलाता है। महारानी अवंती बाई लोधी, महारानी लक्ष्मीबाई, अखंड भारत के अंतिम सम्राट बहादुर शाह जफर महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खां, खुदरीम बोस जैसे स्वतंत्रता सेनानियों ने हमारी आजादी के लिए अपनी कुर्बानी दी थी। समाजसेवी फेरन सिंह, चतर सिंह लोधी ने कहा कि हर घर तिरंगा सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। आजादी हमें धर्म-जाति से ऊपर उठकर मिली है। इसलिए हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह गर्व के साथ तिरंगा फहराए। अभियान के दौरान युवाओं, महिलाओं और स्कूली बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे गूंजे। शिक्षाविद भागमल बमन्या ने लोगों को तिरंगे के सम्मान और उसे फहराने के नियमों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया।

मक्खियों, मच्छरों की संख्या में हुई वृद्धि

गंजबासौदा। बारिश के सीजन में नगर सहित ग्रामीण अंचल में मक्खी, मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो गई है। दिन एवं रात्रि के समय बड़ी संख्या में मक्खी घरों, दुकानों में दिखाई देते हैं। जो खाद्य सामग्रियों, भोजन आदि पर बैठकर उन्हें दूषित कर रहे हैं। वहीं शाम होते ही पाराशरी नदी किनारे के वार्ड एवं निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप तेज हो जाता है। नागरिकों ने नपा से नाले, नालियों में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव कराने की मांग की है।

समय से पहले और बाद तक खुलती हैं शराब दुकान

गंजबासौदा। इलाके भर में अवैध शराब का कारोबार जोरों पर चल रहा है और उसकी ओर पुलिस या आबकारी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं अब शराब दुकानों के निर्धारित समय के बाद तक और सुबह समय से पहले खुलने के मामले भी सामने आने लगे हैं, लेकिन इस ओर भी आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नए बस स्टैंड क्षेत्र स्थित शराब दुकान सुबह साढे छह बजे ही खुल गई और उससे शराब का विक्रय शुरू कर दिया गया। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि इस मामले में आबकारी विभाग ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही संबंधित शराब ठेकेदार पर जुर्माने क की कार्रवाई की बात भी कही जा रही है। यहां उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित शराब दुकान का भी देर रात 12 बजे तक खुले रहने का मामला सामने आया था, लेकिन उस मामले में भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

खबर संक्षेप

आज निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा

कुरवाई। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे सांदीपनि विद्यालय कुरवाई से होगा। यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक, युवा एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, एकता एवं देशप्रेम का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

165 आवेदन आए 92 का मौके पर निराकरण

विदिशा। जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। नटेरन के ताजखजूरी के ग्रामीणों ने नलजल योजना से पर्याप्त पेयजल नहीं मिलने की शिकायत की। कलेक्टर ने पीएचई को पानी की टंकी, मोटर, पाइपलाइन व कनेक्शनों की जांच कर समस्या दूर करने के निर्देश दिए। बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन संबंधी शिकायतों का भी निराकरण कराया गया। वहीं सीमांकन और ट्राइसाइकिल संबंधी मामलों में संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में कुल 165 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 92 का निराकरण किया गया।

स्कूली छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

शमशाबाद। हर घर तिरंगा अभियान के तहत पीएम श्री शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने नगर में भव्य झंडा यात्रा निकाली। हाथों में तिरंगा लेकर छात्राएं कदम से कदम मिलाकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरीं। तिरंगे से सजे नगर में जगह-जगह नागरिकों ने यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।यात्रा के दौरान छात्राओं ने राष्ट्रप्रेम, एकता और अखंडता का संदेश दिया। छात्राओं के हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के उत्साह से पूरा नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। यात्रा में विद्यालय के प्राचार्य संजेश किरार,कमलेश सेन,मांगीलाल माहेश्वरी,जन शिक्षक मुकेश शर्मा ,सुमन साहू , राजेश नामदेव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे।

गैस सब्सिडी व पेंशन की राशि जारी हुई

विदिशा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को सिंगल क्लिक के माध्यम से गैस सब्सिडी और पेंशन की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की। 450 रुपए में गैस सिलेंडर रिफिल योजना के तहत विदिशा जिले के 1,01,337 हितग्राहियों को अप्रैल-मई 2026 की सब्सिडी के रूप में 2 करोड़ 6 लाख 26 हजार रुपए से अधिक मिले। वहीं सामाजिक सुरक्षा एवं राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं के 1,19,149 हितग्राहियों को 7 करोड़ 14 लाख 89 हजार 400 रुपए जारी किए गए।

शिकायत पर पुलिया से हटाया जल अवरोध

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत का त्वरित निराकरण किया गया। ग्राम में केदारनाथ मंदिर धाम निर्माण से संबंधित मामले में ग्रामीणों ने पुलिया के समीप पानी रोक दिए जाने से जल निकासी प्रभावित होने की शिकायत की थी। निर्देश के बाद पटवारी एवं संबंधित विभागीय अमले ने मौके का निरीक्षण किया। जांच में पुलिया के पास पानी के प्रवाह में अवरोध पाया गया। विभागीय अमले ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए नाले को खुलवाया, जिससे जल निकासी सुचारू हो गई।

शासकीय कॉलेज कुरवाई में चुनावी घमासान, 9 साल बाद छात्र राजनीति में लौटी रौनक

1500 से अधिक छात्र मतदाता तय करेंगे कैंपस का भविष्य, हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद अधिसूचना का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

शासकीय महाविद्यालय कुरवाई सहित विदिशा जिले के उच्च शिक्षण संस्थानों में करीब नौ साल बाद छात्रसंघ चुनाव की सुगबुगाहट ने छात्र राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद छात्रसंघ चुनाव को लेकर संभावित अधिसूचना का इंतजार किया जा रहा है। चुनाव कार्यक्रम जारी होने की संभावना के बीच कॉलेज परिसर में छात्र संगठनों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन दोनों ही छात्रों के बीच संपर्क बढ़ाने में जुट गए हैं।

शासकीय कॉलेज में वर्तमान में 1500 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत बताए जा रहे हैं।

प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की है। नौ साल के अंतराल के बाद चुनाव होने की स्थिति में कॉलेज के अधिकांश विद्यार्थी पहली बार छात्रसंघ चुनाव में मतदान करेंगे। छात्राओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है।

विद्यार्थी परिषद और एनएसयूआई ने तेज किया जनसंपर्क

चुनावी माहौल बनने के साथ ही अभाविप और एनएसयूआई ने अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। अभविप का दावा है कि चुनाव नहीं होने के बावजूद संगठन के कार्यकर्ताओं ने छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठाई। वहीं एनएसयूआई नए चेहरों को सामने लाकर कैंपस में अपनी स्थिति मजबूत करने की तैयारी में है। अभविप के छात्र नेता अभिजीत सप्रे ने कहा कि वर्ष 2017 के छात्रसंघ चुनाव के बाद से संगठन छात्र अधिकारों, लाइब्रेरी, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करता रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव की उम्मीद से विद्यार्थियों में उत्साह है और अब छात्रशक्ति को मजबूत नेतृत्व मिलने का अवसर है। एनएसयूआई के राघवेंद्र ठाकुर ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव केवल पद हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का लोकतांत्रिक मंच है। उन्होंने कैंपस में सकारात्मक और प्रगतिशील माहौल बनाने को संगठन की प्राथमिकता बताया। वहीं अभाविप के पूर्व नगर मंत्री वेदांत जैन और पूर्व छात्रनेता सौरभ सप्रे ने भी छात्र हितों, बेहतर शैक्षणिक माहौल और बुनियादी सुविधाओं को लेकर संगठन की प्रतिबद्धता जताई।

कक्षा-दर-कक्षा संपर्क में जुटे कार्यकर्ता



चुनाव की संभावित घोषणा से पहले ही अभाविप कार्यकर्ताओं ने कक्षा-दर-कक्षा जाकर विद्यार्थियों से संवाद शुरू कर दिया है। पूर्व नगर मंत्री वेदांत जैन और छात्र नेता अभिजीत सप्रे के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अब निगाहें राज्य सरकार की चुनाव अधिसूचना पर टिकी हैं। अधिसूचना जारी होने के बाद कुरवाई कॉलेज में छात्र राजनीति का मुकाबला और तेज होने की संभावना है।

ये हैं चुनावी मुद्दे

कुरवाई कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव होने पर नियमित प्रोफेसरों की नियुक्ति, नियमित कक्षाओं का संचालन, आधुनिक लाइब्रेरी, छात्राओं के लिए पृथक कॉमन रूम, शुद्ध पेयजल, वाई-फाई सुविधा, परिसर की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था तथा खेल मैदान के जीर्णोद्धार जैसे मुद्दे प्रमुख रह सकते हैं।

मेडिकल कॉलेज महाघोटाला: दो-दो नोटिस दबाने के खेल पर एनएचआरसी सख्त

धारा 13 में सशर्त समन जारी, अब 11 सितंबर को आयोग के सामने पेशी के आदेश

मानवाधिकार आयोग का कड़ा रुख, श्रम आयुक्त सहित सीएमएचओ दिल्ली तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मेडिकल कॉलेज, विदिशा में 'भूतिया कर्मचारियों' के नाम पर हर महीने सरकारी खजाने में लगाई जा रही लाखों की चपत और प्रशासनिक अफसरों की सरपरस्ती में चल रहे सिंडिकेट का अब 'काउंटडाउन' शुरू हो चुका है।

भ्रष्टाचार और प्रशासनिक निरंकुशता



पर पर्दा डालने का जो खेल पिछले कई महीनों से खेल रहा था, उसकी हवा निकल गई है। दो-दो नोटिस मिलने के बावजूद जांच दबाकर बैठे सीएमएचओ और श्रम आयुक्त इंदौर को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सशर्त समन जारी कर दिया है। आयोग ने धारा 13 के तहत अपनी सिविल कोर्ट की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए तीनों जिम्मेदार अधिकारियों को 11 सितंबर की सुबह 11:30 बजे नई दिल्ली स्थित 'मानव अधिकार भवन' में हाजिर होने का अल्टीमेटम दिया है।

अधिकारियों का 'साइलेंट मोड', आयोग का 'लीगल एक्शन'

सामूहिक मानवाधिकारों के हनन और बड़े पैमाने पर वित्तीय लूट के इस मामले को दबाने के लिए प्रशासनिक गलियारों में किस कदर पैंतरेबाज़ी चल रही थी, इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पहला नोटिस 10 मई 2026 को सदस्य प्रियंक कानूनगो की पीठ ने मामले पर संज्ञान लेकर दो सप्ताह के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी। अंतिम रिमाइंडर 8 जुलाई 2026 को दिया गया। अधिकारियों की चुप्पी को देखते हुए आयोग ने 1 अगस्त तक पूरी रिपोर्ट सौंपने का सख्त निर्देश दिया। 1 अगस्त की समय-सीमा बीतने के बाद भी अधिकारियों ने आयोग को रिपोर्ट भेजना तो दूर, जवाब तक देना मुनासिब नहीं समझा। आयोग ने अधिकारियों की इस 'रहस्यमयी चुप्पी' को जांच प्रभावित करने और दोषियों को बचाने का प्रयास मानते हुए सहायक रजिस्ट्रार (विधि) बृजवीर सिंह के हस्ताक्षरों से सशर्त समन जारी किया है। आदेश में साफ कहा गया है कि यदि 18 अगस्त तक संतोषजनक जांच रिपोर्ट आयोग की टेबल पर नहीं पहुँचती है, तो 11 सितंबर की पेशी से किसी भी सूरत में छूट नहीं मिलेगी।

कागज़ों पर 600 कर्मचारी कहां जा रहे 24 लाख रुपए

सामाजिक कार्यकर्ता नितिन चौरसिया के पास मौजूद पुख्ता दस्तावेजों और साक्ष्यों के अनुसार, इस पूरे फर्जीवाड़े में डीन डॉ. मनीष निगम, चिकित्सा अधीक्षक और 'एजाइल सिक्योरिटी फोर्स' के कंपनी मैनेजर विकास राजपूत हैं। इनकी मिलीभगत से महाघोटाले को अंजाम दिया जा रहा है।

200 फर्जी कर्मचारियों का वेतन घोटाला

मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग एजेंसी 'एजाइल सिक्योरिटी फोर्स' के मैनेजर विकास राजपूत और कॉलेज प्रबंधन के डीन डॉ. मनीष निगम व चिकित्सा अधीक्षक की देखरेख में वास्तविक रूप से लगभग 400 कर्मचारी तैनात हैं। लेकिन आवक शाखा की सांठगांठ से उपस्थिति रजिस्टर और बिलों में 600 कर्मचारियों के नाम दर्ज किए जा रहे हैं। प्रति कर्मचारी औसतन 12 हजार के हिसाब से हर महीने लगभग 24 लाख रुपए का सरकारी पैसा सीधे भ्रष्ट तंत्र की जेब में जा रहा है।


भविष्य निधि में करोड़ों का डाका: आउटसोर्स कर्मचारियों का उचित सत्यापन किए बिना उनके पीएफ खातों और रिकॉर्ड्स के साथ भारी हेरफेर की गई है। वर्ष 2021 से 2024 तक बिना किसी वैध मेडिकल डिग्री या रजिस्ट्रेशन के एक महिला मरीजों का इलाज करती रही। मामला खुलने पर अधिकारियों और कॉलेज प्रबंधन ने एफआईआर दर्ज कराकर उसे जेल भेजने के बजाय कथित तौर पर 3 लाख रुपए लेकर रफा-दफा कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता नितिन चौरसिया का कहना है कि यह लड़ाई भ्रष्टाचार के इस पूरे गठजोड़ को बेनकाब करने तक जारी रहेगी। मेडिकल कॉलेज को अवैध कमाई का अड्डा बनाने वाले अधिकारियों ने आयोग के नोटिस का जवाब न देकर खुद साबित किया है कि दाल में कुछ काला नहीं, पूरी दाल ही काली है। अब कोर्ट की शक्तियों का इस्तेमाल कर आयोग खुद इनसे सच उगलवाएगा।

अहमदानगर तालाब की पार फूटी तीन साल से एक ही काम को बार-बार कर निकाली जा रही राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार को हुई बारिश में अहमदानगर तालाब की पार पर डाली गई पार और पाइप मिट्टी सहित बह गए। करीब एक लाख रुपए की राशि खर्च कर दो पाइप डाले गए थे। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

निजी तालाबों का पानी सरकारी तालाब में आने से रोकने के लिए हर साल इसी तरह से अलग- अलग स्थानों पर पाइप डालकर काम कराया जाता है, राशि निकाली जाती है और हर बार बारिश में पाइप और मिट्टी पानी में बह जाती है। काम होना भी दिखा दिया जाता है, राशि भी निकली जाती है और अगले साल के लिए फिर से काम मिल जाता है। इसी तरह से पिछले 3 सालों से राशि निकाली जा रही है। सरपंच यशवंत किरार का कहना है कि पिछली बार 500 एमएम के पाइप डाले थे जो



पानी में बह गए थे। इस बार 1000 एमएम के दो पाइप डाले थे। पानी के बहाव में मिट्टी और पाइप दोनों बह गए। करीब 3 बार इसी तरह से काम हुआ है तो राशि भी निकली होगी, लेकिन हर साल बारिश में यही अंजाम हुआ। इस तरह से शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

तिरंगा यात्रा में 300 महिलाओं ने लिया हिस्सा

विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा को विधायक मुकेश टंडन एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा नीमताल होते हुए माधवगंज चौराहे तक पहुंची। समापन पर सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। यात्रा में करीब 300 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांसवा ने नागरिकों से घर-घर तिरंगा फहराकर अभियान में सहभागिता की अपील की।

किसान संघ की तहसील इकाई की बैठक में अभ्यास वर्ग की रूपरेखा पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भारतीय किसान संघ, तहसील विदिशा की एक महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक आज नई गल्ला मंडी स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में आगामी 15 एवं 16 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला अभ्यास वर्ग कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा तैयार की गई तथा क्षेत्र की स्थानीय कृषि समस्याओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने किसानों से जुड़े प्रमुख मुद्दों जैसे सिंचाई, बिजली आपूर्ति



और फसलों के उचित प्रबंधन पर चर्चा की। साथ ही 15 और 16 अगस्त को आयोजित होने वाले अभ्यास वर्ग को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

जनसुनवाई में महिलाओं ने उठाईं दो बड़ी मांगें

विदिशा। मंगलवार को जनसुनवाई में महिलाओं ने काछी कुएं से अतिक्रमण हटाने और बिलोरी गांव की गौशाला का संचालन महिला स्वयं सहायता समूह को सौंपने की मांग रखी। लोहांगी मोहल्ले की महिलाओं ने बताया कि काछी कुआं तीन-चार पीढ़ियों पुराना प्रमुख जलस्रोत है, लेकिन आसपास अतिक्रमण से उसका अस्तित्व खतरे में है। उन्होंने भूमि की जांच कर अतिक्रमण हटाने और कुएं के संरक्षण की मांग की।

लखपति दीदी बनने का सपना दिखाया अब दुकान छिनने से रोजी-रोटी का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिविल लाइन क्षेत्र स्थित आजीविका चौपाटी में दुकानों का आवंटन किया गया था। यहां कई महिलाएं वर्षों से जनरल स्टोर और जैविक खेती से जुड़ी दुकानें संचालित कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। अब इन महिलाओं पर दुकान खाली करने का संकट खड़ा हो गया है।

मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचीं अर्चना राजपूत आदि ने अधिकारियों के समक्ष अपनी परेशानी रखी। उनका कहना है कि उन्हें दुकानें खाली करने के लिए कहा गया है और जल्द ही दुकानों की नीलामी की जाएगी। महिलाओं के अनुसार वर्तमान में करीब 1000 रुपये किराया देना पड़ता है, जबकि नीलामी के बाद यही किराया करीब 12 हजार रुपये तक पहुंच सकता है। दोनों महिलाओं ने आरोप लगाया कि डीपीएम, कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ की ओर से हर हाल में दुकान खाली करने को कहा गया है। जनसुनवाई में महिलाएं भावुक होकर सवाल करती नजर आईं कि दुकान छिनने के बाद वे अपने और बच्चों का पालन-पोषण कैसे करेंगी।

बिजली गुल होते ही बंद हो जाता है जियो नेटवर्क, उपभोक्ता परेशान

शमशाबाद। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जियो नेटवर्क की बदहाल व्यवस्था से उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे ही बिजली गुल होती है, मोबाइल नेटवर्क भी प्रभावित होकर बंद हो जाता है। बिजली कटौती के दौरान नेटवर्क बार-बार आता-जाता रहता है, जिससे कॉलिंग और इंटरनेट सेवाएं बाधित होती हैं। नेटवर्क ठप होने से एमपी ऑनलाइन केंद्रों पर दस्तावेज, आवेदन और अन्य ऑनलाइन सेवाओं से जुड़े काम रुक जाते हैं। व्यापारी, विद्यार्थी और आम नागरिकों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिक अशोक साहू, कुलदीप शर्मा, दीपक मेहर, दीपेश आर्य, नरेंद्र शर्मा, रघुवीर धाकड़ और राजेंद्र धाकड़ ने बताया कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है। लोगों ने टावरों पर पर्याप्त बैकअप व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

आंदोलन की चेतावनी: नागरिकों ने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर कंपनी को व्यवस्था सुधारने के निर्देश देने की मांग की है। जल्द सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।



हनुमान मंदिर में आगजनी का आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। कुरवाई थाना क्षेत्र के ग्राम झागरिया स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में 31 जुलाई की मध्यरात्रि हुई आगजनी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पारंपरिक पुलिसिंग के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार टीम ने तकनीकी विश्लेषण, उपलब्ध साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। लगातार प्रयासों के बाद 10 अगस्त को मोहित सिंह पिता नहार सिंह लोधी (24), निवासी ग्राम झागरिया को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। मामले में अन्य संभावित संलिप्तता और तथ्यों की जांच जारी है।

सूचना

आर्गो ग्रीन जैविक उद्यानकी पुष्प एवं फल साग सब्जी सहकारी संस्था मर्यादित डाबर, जिला विदिशा (पंजीयन क्र. 147972, दिनांक 19.02.1925) की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ विदिशा कार्यालय, विकासखण्ड विदिशा कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित विदिशा की शाखा विदिशा के सूचना पटल पर दिनांक 11.08.2026 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 11.08.2026 से दिनांक 18.08.2026 तक सोसाइटी कार्यालय आर्गो ग्रीन जैविक उद्यानकी पुष्प एवं फल साग सब्जी सहकारी संस्था मर्यादित डाबर में सचिव श्री राजेश सोनी को सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 19.08.2026 को दोपहर 2.00 बजे से किया जायेगा ।

आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थिति हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा ।

(मनोहर रजक)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, आर्गो ग्रीन उद्यानकी पुष्प एवं फल साग सब्जी सहकारी संस्था मर्यादित डाबर, जिला विदिशा

शिव भक्तों ने देवपुर से नटेरन तक की कावड़ यात्रा तीन घंटे में दौड़कर 70 किलोमीटर की यात्रा पूरी की

हरिभूमि न्यूज ⏭नटेरन


सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव के प्रति आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। धार्मिक स्थल देवपुर से नटेरन तक शिव भक्तों के जत्थे ने करीब 70 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा महज 3 घंटे में पूरी की। 'बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा मार्ग गूंजता रहा।

सुबह शिव मंदिर से जल लेकर शुरू हुई यात्रा में भक्त कांवड़ लेकर उत्साह के साथ आगे बढ़े। रास्ते में



गांवों और कस्बों में स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह फलाहार, ठंडे पानी और जलपान की व्यवस्था भी की गई। नटेरन पहुंचकर भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर देश और समाज की सुख-शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। यात्रा में हर्ष रघुवंशी, राजा रघुवंशी, निखिल लोधी, रवि मालवीय, अमित रघुवंशी, योगेश रघुवंशी, योगेंद्र रघुवंशी, रज्जू यादव, सुधीर विश्वकर्मा, धर्मेंद्र महाराज, रोहन सराठे, अभिषेक रघुवंशी, हर्षित गुप्ता, मोहित गुप्ता सहित कई भक्त शामिल रहे।





बेतवा सहित जिलेभर की सभी नदियां उफान पर

सावन में झूमे बादलों से किसानों के चेहरों पर 'रौनक'

सावन आते ही जीवनदायिनी 'बेतवा' ने ली अंगड़ाई



फोटो : सोनू कुशवाह

दो दिन की 106.82 मिलीमीटर बारिश ने बढ़ाया बेतवा का मान

जिलेभर में अब तक सिर्फ 625.56 मिली मीटर बारिश दर्ज हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बीते दो दिन में हुई बारिश ने किसानों के मुरझाए किसानों पर रौनक ला दी है, लेकिन पिछले साल की अपेक्षा बारिश का औसत आधे से भी कम बना हुआ है। जहां पिछले साल 11 जून तक 1077.4 मिलीमीटर औसत बारिश रिकार्ड की जा चुकी थी, लेकिन इस वर्ष यह सिर्फ 625.56 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है। हालांकि बीते दो दिन की 106.82 मिलीमीटर बारिश ने जिले को पानी-पानी कर दिया है और मुरझाए हुए किसानों के चेहरे पर रौनक ला दी है।

अब तक कहां कितनी बारिश

जिले में 1 जून से अब तक 625.56 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून अब तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 541.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 722.4, बेगमगंज में 758.6, सिलवानी में 472.4, गौहरगंज में 593.3, बरेली में 480, उदयपुरा में 791, बाड़ी में 609.5, सुल्तानपुर में 681.9 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 604.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

खबर संक्षेप

एल्डरमैनो ने भोपाल पहुंचकर किया राज्य मंत्री पटेल का आभार



बरेली। नगर के 4 एल्डरमैनो की नियुक्ति होने पर क्षेत्रीय विधायक व स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने काशी सेवा सदन भोपाल में बुलाकर चारों एल्डरमैनो का स्वागत किया। नगर परिषद बरेली में शासन द्वारा 4 एल्डरमैनो की नियुक्ति की है। इनमें पूर्व पार्षद फूल सिंह धाकड़, मजदूर संघ अध्यक्ष हिमकर उपाध्याय, हरिचरण बारीवा, संजय चक्रवर्ती शामिल है। चारों एल्डरमैनो द्वारा मंत्री पटेल का आभार व्यक्त किया गया।

मंत्री ने कहा कि चारों एल्डरमैन कई वर्षों से नगर की सेवा करते आ रहे हैं एवं नगर की सामाजिक धार्मिक गतिविधियों में हमेशा सक्रिय रहते हैं। इनके द्वारा नगर के विकास में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई जाएगी। नियुक्ति पर नप अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि राजेश साहू एवं सभी पार्षदों, पार्षद प्रतिनिधियों, नागरिकों, पत्रकारों ने बधाई दी।

बिजली दर में औसत 4.80% बढ़ोतरी, 150 यूनिट से ज्यादा खपत पर फिक्स्ड चार्ज

महंगी दर का असर, बढ़े बिजली बिल ने उपभोक्ताओं को सावन में रुलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सावन के महीने में जहां लोग बारिश और उमस से राहत के लिए पंखे-कूलर का सहारा ले रहे हैं, वहीं बढ़े हुए बिजली बिलों ने उपभोक्ताओं को पसीना छुड़ा रहे हैं। अप्रैल महीने से लागू हुई नई बिजली दरों का असर अब बिलों में साफ दिखाई देने लगा है। मप्र विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिजली टैरिफ में औसतन 4.80 प्रतिशत की बढ़ोतरी मंजूर की थी।

नई दरों का ज्यादा असर 100 से 150 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं पर दिखाई दे रहा है। बिजली की खपत बढ़ने के साथ ऊर्जा शुल्क के अलावा फिक्स्ड चार्ज भी बिल में जुड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार फिक्स्ड चार्ज 28 रुपए से बढ़कर 30 रुपए प्रति 0.1 किलोवाट किया गया है।

विद्युत नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तावित 10.19% बढ़ोतरी के बजाय औसतन 4.80% वृद्धि को मंजूरी दी थी। नई दरों का प्रभाव अप्रैल से शुरू हुआ और बाद के बिलों में उपभोक्ताओं को इसकी



बढ़ोतरी महसूस होने लगी।

बिल बढ़ा तो इन सवालों के जवाब कौन देगा ?

उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली बिल सिर्फ एक भुगतान की रसीद नहीं बल्कि पूरे परिवार के मासिक बजट को प्रभावित करता है। ऐसे में बिल में अचानक बढ़ोतरी होने पर विभाग को उपभोक्ता को स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए कि कितनी यूनिट खपत हुई, कौन-कौन से शुल्क जुड़े और छूट का लाभ क्यों नहीं मिला। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि बढ़े हुए बिलों की जांच के लिए शिविर लगाकर मौके पर ही शिकायतों का निराकरण किया जाए।

बिल की बढ़ी राशि से बिगड़ा बजट, उपभोक्ता परेशान

बिजली के बढ़े हुए बिलों ने उपभोक्ताओं के घरेलू बजट को बिगाड़ दिया है। सामान्य दिनों में जहां बिजली का बिल कुछ सौ रुपए आता था। वहीं इस बार कई उपभोक्ताओं को अपेक्षा से अधिक राशि के बिल थमा दिए। उपभोक्ताओं सुमेश, सोनू यादव, कपिल शाक्या, सोनू कुशवाह, विदोश गुप्ता, राजकुमार मीणा का कहना है कि शासन की ओर से दी जा रही छूट और राहत का लाभ भी उन्हें पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि कम खपत के बावजूद बिल में राशि अधिक दिखाई दे रही है। कई उपभोक्ता बिल सुधार कराने बिजली कंपनी कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। कुछ उपभोक्ताओं ने मीटर रीडिंग और बिल में दर्ज यूनिट की जांच कराने की मांग की है।

नए टैरिफ में फिक्स्ड चार्ज भी बढ़ा

नए टैरिफ में फिक्स्ड चार्ज बढ़ने से कम खपत वाले उपभोक्ताओं के बिल में भी इसका असर दिखाई दे सकता है। वहीं अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं के लिए प्रति यूनिट दर में बदलाव के साथ कुल बिल और बढ़ रहा है। नियामक आयोग ने 100 यूनिट तक के कुछ उपभोक्ता वर्गों को राहत जारी रखी है।

उपभोक्ताओं की आपबीती

उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली बिल में फिक्स चार्ज, खपत की राशि और अन्य शुल्क जुड़ने के बाद कुल भुगतान बढ़ जाता है। वहीं जिन उपभोक्ताओं को किसी योजना के तहत छूट मिलने की उम्मीद थी। उन्हें बिल में अपेक्षित राहत नहीं दिखाई दी। इससे लोगों में नाराजगी है।

इनका कहना है


मीटर रीडिंग के आधार पर बिल तैयार किए जाते हैं। किसी उपभोक्ता को बिल में अधिक राशि, गलत रीडिंग की शिकायत है तो वह आवेदन देकर बिल की जांच करा सकता है।

- नीरज चौरसिया, डीजीएम।

आखिर ग्रामीणों की मांग रंग ले ही आई

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे होगा फोरलेन, 1757 करोड़ मंजूर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की मंजूरी, 44.83 किमी लंबे मार्ग का होगा कायाकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 को फोरलेन में बदलने की बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार पूरी हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस परियोजना को हरी झंडी दे दी गई है। मंजूरी की खबर मिलते ही सलामतपुर, दीवानगंज और आसपास के ग्रामीण इलाकों के रहवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय नागरिक लंबे समय से हादसों और जाम से निजात पाने के लिए इस मार्ग को चौड़ा करने की मांग कर रहे थे।

हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर 1757 करोड़ से बनेगा मार्ग

मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर आधारित इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 1757 करोड़ 55 लाख रुपए होगी। इसके तहत वर्तमान में मौजूद 44.83 किलोमीटर लंबे दो-लेन मार्ग को पेव्ड शोल्डर के साथ फोरलेन में विकसित किया जाएगा। कृषि भूमि अधिग्रहण के लिए लगभग 140 करोड़ रुपए के अतिरिक्त प्रावधान के साथ परियोजना का बजट अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया है।

अच्छी खबर

अब ट्रैफिक का दबाव होगा कम हादसें भी रुकेंगे

यह मार्ग भोपाल के अयोध्या बायपास स्थित भानपुर टी-जंक्शन से शुरू होकर सूखी सेवनिया, दीवानगंज और सलामतपुर होते हुए एनएच-146 के सांची-सलामतपुर जंक्शन तक जाता है। वर्तमान में इस मार्ग पर वाहनों का दबाव 10,975 पैसेंजर कार यूनिट है, जो 4-लेन मानक से अधिक है। आबादी वाले क्षेत्रों में यातायात के दबाव और हादसों की आशंका को घटाने क8.25 किलोमीटर लंबे 3 नए बायपास बनाए जाएंगे जिनमें सूखी सेवनिया बायपास 1.80 किमी, बेरखेड़ी बायपास : 1.35 किमी और सलामतपुर बायपास : 5.10 किमी।

पर्यटन स्थलों को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

यह हाईवे केवल परिवहन ही नहीं, बल्कि धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सांची स्तूप, सतधारा बौद्ध स्तूप, उदयगिरि की गुफाएं, अशोक स्तंभ और पुरातात्विक संग्रहालय इसी मार्ग से जुड़ते हैं। इसके अलावा यह सड़क 24.550 किलोमीटर पर कर्क रेखासे गुजरती है, जिससे इसका भौगोलिक और पर्यटकीय महत्व और बढ़ जाता है।

कांवड़ियों का जत्था हुआ रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

सावन मास के पवित्र अवसर पर आस्था का सैलाब देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में, बीते रोज दिनांक 10 अगस्त को गैरतगंज से पचमढ़ी के लिए कावड़ियों का एक उत्साहित जत्था रवाना हुआ। यह यात्रा पप्पू महाराज फैंस क्लब के तत्वावधान में आरंभ की गई है।


प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह जत्था प्रसिद्ध पवित्र स्थल साड़ियां घाट पहुंचेगा, जहां नर्मदा जी का पवित्र जल कावड़ में भरा जाएगा। इसके पश्चात, कावड़िए पचमढ़ी के लिए पदयात्रा करते हुए प्रस्थान करेंगे और वहां पहुंचकर भगवान महादेव का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। सभी को समर्थकों ने विदाई दी।

50 लाख के नाले को लेकर ठेकेदार ने दी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

नगर के भोपाल रोड स्थित श्मशान घाट से लगे पल्कमति नाले की सपोर्ट वॉल क्षतिग्रस्त होने को लेकर ठेकेदार ने अपना पक्ष रखा है। ठेकेदार के अनुसार नाले की करीब 7-8 मीटर दीवार को जल निकासी में आ रही परेशानी को देखते हुए ठेकेदार ने स्वयं हटाई गई थी।

ठेकेदार बीआर कंस्ट्रक्शन के संचालक बाबूलाल पंथी द्वारा नगर पालिका को दिए आवेदन में बताया



गया था कि लगातार हो रही बारिश के कारण श्मशान भूमि सहित आसपास चल रहे अन्य निर्माण कार्यों और श्मशान भूमि से लगे हुए मकान एवं अन्य निचले क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन रही थी। पानी की निकासी प्रभावित होने के कारण नाले के एक हिस्से को खोलकर आगे पानी निकासी का रास्ता बनाने की आवश्यकता थी।

इसी उद्देश्य से नाले की करीब 7 से 8 मी सपोर्ट बाल हटाई गई, ताकि बारिश का पानी आगे निकल सके और जलभराव से आसपास के निर्माणों को नुकसान न पहुंचे। ठेकेदार ने इस संबंध में नगर पालिका को दो दिन पहले ही लिखित आवेदन देकर पूरी स्थिति से अवगत कराया था

ठेकेदार का कहना है कि हटाया गया निर्माण ठीक करके दोबारा किया जाएगा। अभी काम अंडर कंस्ट्रक्शन है नाले का काम अभी पूर्ण नहीं हुआ है चल रहा है, ताकि आगे पानी की निकासी का रास्ता बनाया जा सके। आवेदन में भी इसका उल्लेख किया गया है।

प्रव महिला विकास समिति द्वारा प्रसूति महिलाओं को बांटे फल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

प्रव महिला विकास समिति ने सिविल अस्पताल में जच्चा-बच्चा वार्ड में प्रसूति महिलाओं को ड्राई फ्रूट वस्त्र किट फल और कंबल का वितरण किया गया। एनआरसी वार्ड में कुपोषित बच्चों को ड्राई फ्रूट वितरित किए समिति द्वारा सामग्री वितरण कर समाज सेवा और मानवता की मिसाल पेश की।

प्रव महिला विकास समिति की संचालक श्रीमती अर्चना नाहर एवं संरक्षक अजय नाहर द्वारा प्रतिमाह बरेली सिविल अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों को उपस्थित बच्चों एवं प्रसूति महिलाओं को फल फ्रूट कट एवं वस्त्र वितरित किए जाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर हरिओम धाकड़ शिशु रोग विशेषज्ञ एवं नस लक्ष्मीबाई एवं एनआरसी वार्ड में अमृता भाटी और सोनम कौरव उपस्थित रही। आईसीयू वार्ड एवं डायलिसिस वार्ड में मरीजों का हाल-चाल जाना एवं उनको भी ड्राई फूड वितरित किए।

तिरंगे की शान में गूंजा सिलवानी विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

आजादी के पर्व की तैयारियों के बीच हर घर तिरंगा अभियान ने नगर में देश भक्ति का जोश भर दिया। 9 से 17 अगस्त तक चल रहे अभियान के तहत मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय सिलवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा विशाल तिरंगा रैली निकाली गई। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे विद्यार्थियों ने देश भक्ति के नारों के साथ नगरवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार किया।

रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर इंद्रा आवास कॉलोनी, मुख्य मार्ग, काठियां मंदिर, थाना एवं तहसील परिसर से होते हुए वापस महाविद्यालय पहुंची। रैली में करीब 50 छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मनोहर पंथी, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। आसमान में लहराते तिरंगे और विद्यार्थियों के जोशीले नारों से नगर का वातावरण देश भक्ति से सराबोर हो गया। हर घर तिरंगा अभियान के नोडल



अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत नेमा के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत 10 अगस्त को रंगोली प्रतियोगिता हुई, जिसका संयोजन डॉ, अभिलाषा ठाकुर एवं सुनीता ठाकुर ने किया। वहीं मंगलवार को तिरंगा रैली का आयोजन प्रभारी बादल सिंह राजपूत एवं रविंद्र सोलंकी के नेतृत्व में हुआ।

रैली के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान देखते ही बन रहा था। नगरवासियों ने भी देश भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन का उत्साह पूर्वक स्वागत किया।

कार्यालय नगर परिषद गैरतगंज, जिला-रायसेन (म.प्र.)
Office of the Nagar Parishad Gairatganj, Distt-Raisen (M.P.)

Address- Near Gehuras Road Gairatganj-464884, Email- cmogairatganj@mpurban.gov.in

क्रमांक /1718/ राजस्व शाखा/न.परि./2026 — गैरतगंज, दिनांक 11/08/2026

नामान्तरण इश्तेहार उजदारी सूचना

मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150.151 के अंतर्गत नगर परिषद गैरतगंज की सीमा अंतर्गत नीचे दी गई सूची अनुसार भवन/भूखंड/दुकान के नामान्तरण प्रकरण इस कार्यालय को प्राप्त हुए है। प्रकाशित सूचना के सम्बन्ध में सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न भवन/भूखंड / दुकान के नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो नामान्तरण इश्तेहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर वैध प्रमाण के साथ इस कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। नियत समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। नामान्तरण विवरण निम्न अनुसार है।

क्र.	प्र.क्र.	आवेदक का नाम एवं पिता/पति का नाम	भवन/भूखंड का पता	किस आधार पर
1	45/2026	श्रीमति मुन्नी बाई सोनी पति भगवानदास सोनी	वार्ड क्रमांक 12 गैरतगंज में स्थित प्लाट	पंजीकृत विक्रय पत्र के अनुसार
2	46/2026	श्री शिवनारायण लोधी पिता श्री हरज्ञान लोधी	वार्ड क्रमांक 14 में स्थित भवन	पंजीकृत विक्रय पत्र एवं नामांतरण पंजी के अनुसार
3	47/2026	श्रीमति सिया बाई पति नाथूराम अहिरवार	वार्ड क्रमांक 11 में स्थित भवन	पंजीकृत विक्रय पत्र एवं नामांतरण पंजी के अनुसार
4	48/2026	शाहिद शाह पिता रईश शाह	वार्ड क्रमांक 10 में स्थित भवन	मृत्यु प्रमाण पत्र एवं नोटराईज शपथ पत्र के अनुसार
5	49/2026	श्री जितेन्द्र धाकड़ पिता श्री दौलतराम धाकड़	वार्ड क्रमांक 11 में स्थित प्लाट	पंजीकृत विक्रय पत्र के अनुसार
6	50/2026	श्री राजेश कुमार पिता श्री ओमप्रकाश नायक	वार्ड क्रमांक 15 में स्थित भवन	पंजीकृत विक्रय पत्र एवं राजस्व खसरा के अनुसार
7	51/2026	श्री राजेश कुमार पिता श्री ओमप्रकाश नायक	वार्ड कमाक 15 में स्थित भवन	पंजीकृत विक्रय पत्र एवं भवन निर्माण अनुमति के अनुसार
8	52/2026	श्रीमति रितु नायक पति श्री राजेश कुमार नायक	वार्ड क्रमांक 15 में स्थित भवन	पंजीकृत विक्रय पत्र एवं भवन निर्माण अनुमति के अनुसार
9	53/2026	श्रीमति गुलाब बाई पति स्व.श्री श्यामलाल अहिरवार	वार्ड क्रमांक 10 में स्थित भवन	मृत्यु प्रमाण पत्र एवं नोटराईज शपथ पत्र के अनुसार

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद् गैरजगंज

कार्यालय नगर परिषद साँची, जिला रायसेन (म.प्र.)

क्रमांक/1350 to 1352 / राजस्व / 2026 — दिनांक 05/08/2026

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर परिषद साँची द्वारा भवन / भूखण्ड की नीलामी हेतु निविदाओं का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है :

क्रं.	निविदा क्रं.	ई-टेन्डर नं.	भवन / भूखण्ड का विवरण	भवन / भूखण्ड का अनुमानित मूल्य	अमानत राशि	ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य	राशि जमा की समयावधि	ई-निविदा क्रय की अंतिम दिनांक
1	1350	2026_UAD_528407_1	डॉ हेडगेवार आवासीय योजनांतर्गत शेष बचे MIG 135 वर्ग मी. के 01 भवन / भूखण्ड की नीलामी।	900000.00	90000.00	2000.00	01 month	25/08/2026
2	1351	2026_UAD_528427_1	डॉ हेडगेवार आवासीय योजनांतर्गत शेष बचे LIG 70 वर्ग मी. के 02 भवन / भूखण्ड की नीलामी।	485000.00	50000.00	2000.00	01 month	25/08/2026
3	1352	2026_UAD_528432_1	डॉ हेडगेवार आवासीय योजनांतर्गत शेष बचे EWS 36.36 वर्ग मी. के 60 भवन / भूखण्ड की नीलामी।	180000.00	20000.00	1000.00	01 month	25/08/2026

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद, साँची